LIC

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

सुश्री मिनी आईप ने 2 अगस्त, 2021 को भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है । उन्हें 5 जुलाई, 2021 की भारत सरकार की अधिसूचना के अंतर्गत प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है ।

सुश्री मिनी आईप आंध्र विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर हैं और 1986 में प्रत्यक्ष भर्ती अधिकारी के रूप में एलआईसी में शामिल हुई हैं।

उन्हें एलआईसी में विभिन्न क्षमताओं में कार्य करने का समृद्ध और विविध अनुभव है । प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वह भारतीय जीवन बीमा निगम में विधि विभाग में कार्यकारी निदेशक रही हैं । सुश्री मिनी आईप एलआईसी की पहली महिला क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रभारी) थीं और दक्षिण मध्य क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद की मुखिया रहीं । उन्होंने निदेशक (अंतर्राष्ट्रीय प्रचालन) एवं एलआईसीएचएफएल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और सीईओ के रूप में भी कार्य किया है और एलआईसीएचएफएल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को अपने कार्यकाल के दौरान व्यापार राजस्व और लाभ में नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।

उन्होंने पश्चिमी क्षेत्र के प्रादेशिक प्रबंधक (का.एवं.औ.सं.) एवं प्रादेशिक प्रबंधक (संपदा) के रूप में भी काम किया है।

2 अगस्त 2021 को मुंबई में दिनांकित

अधिक जानकारी हेतु कृपया संपर्क करें:
कार्यकारी निदेशक (निगमित सम्प्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम , केंद्रीय कार्यालय, मुंबई
दूरभाष: 022 22028307 ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com www.licindia.in पर हमसे संपर्क करें